# प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश
**Directorate of Technical Education Uttar Pradesh**
विकास नगर, कानपुर–208002
Vikas Nagar, Kanpur-208002
वेबसाइट/website : http://uptod.gov.in/directorate
दूरभाष/Phone: 2582034 • फैक्स/Fax: 2580965 • ई-मेल/email:directordteup@gmail.com


:: आदेश ::

प्राविधिक शिक्षा (डिप्लोमा सेक्टर), उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन राजकीय पालीटेक्निकों के समूह "ख" श्रेणी में तैनात निम्नलिखित कार्मिक को उनके नाम के सम्मुख अंकित संस्था में स्थानान्तरित कर तैनात किया जाता है :–

| क्र. सं. | कर्मचारी का नाम व पदनाम सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री :– | वर्तमान तैनाती का स्थान | संस्था जहाँ स्थानान्तरित किया जाता है | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आजाद, व्याख्याता इन्फार्मेशन टेक्नालोजी | राजकीय महिला पालीटेक्निक, चरखारी महोबा | महामाया पालीटेक्निक ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालोजी, हाथरस | स्वयं के अनुरोध पर। |

उपरिलिखित कार्मिक में से, जिन कार्मिक का स्थानान्तरण स्वयं के अनुरोध पर है, उन्हें किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि स्थानान्तरित किये गये उपरोक्त कार्मिक को प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किये बगैर प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित सम–सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा जून, 2022 एवं मल्टी प्वाइंट इन्ट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम परीक्षा, जून–2022 समाप्ति के पश्चात् तत्काल कार्यमुक्त करके, उन्हें नये तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दें।

स्थानान्तरित कार्मिकों द्वारा तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

उपर्युक्त स्थानान्तरण आदेश की अवहेलना अनुशासनहीनता की परिधि में माना जायेगा। स्थानान्तरित कार्मिक के स्थानान्तरण रोकने सम्बन्धी प्रत्यावेदनों को अग्रसारित न किया जाये और यदि उपरोक्त कार्मिक इन आदेशों के विरुद्ध दबाव डालने का प्रयास करेगा, उसके इस कृत्य/आचरण को 'सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956' के नियम–27 का उल्लंघन मानते हुये उसके विरुद्ध 'उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली–1999' यथा संशोधित के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुये निलम्बन के सम्बन्ध में भी विचार किया जायेगा। स्थानान्तरण आदेश के अनुसार कार्यभार न छोड़ने पर सम्बन्धित कर्मचारी के वेतन का भुगतान नहीं किया जायेगा तथा इसकी सूचना सम्बन्धित कोषाधिकारी को दे दी जायेगी।

उपरोक्त स्थानान्तरण आदेश शासन के पत्रांक–संख्या–11/2022/303–सामान्य/चौंतीस–का–4–2022–1/3/96, दिनांक 15.06.2022 में निहित प्रतिबन्धों/प्राविधानों के परिप्रेक्ष्य में निर्गत किये जा रहे हैं।

( मनोज कुमार )
निदेशक।

संख्या–14837–50/ई–2–दो–134(पी)(2022–23),कानपुर:दिनांक: 30 जून, 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–2, विधान भवन, लखनऊ।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश
Directorate of Technical Education Uttar Pradesh
विकास नगर, कानपुर-208002
Vikas Nagar, Kanpur-208002
वेबसाइट/website : https://upted.gov.in/directorate
दूरभाष/Phone: 2582034 • फैक्स/Fax: 2580065 • ई-मेल/email: [illegible]

5. वित्त नियंत्रक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
6. सम्बन्धित संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
7. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्य, राजकीय प्राविधिक शिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि वे अपनी संस्था से सम्बन्धित कार्मिक को प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित सम-सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर /विशेष बैक पेपर परीक्षा जून, 2022 एवं मल्टी प्वाइंट इन्ट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम परीक्षा, जून-2022 समाप्ति के पश्चात् तत्काल कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दें तथा कृत कार्यवाही से निदेशालय को अविलम्ब सूचित करें।
11. सम्बन्धित कार्मिक (द्वारा संस्था प्रधानाचार्य)।
12. प्रचारण सहायक, सी0आर0यू0।

(डी0के0 वर्मा)
उपनिदेशक,
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश।

# कार्यालयः आदेश

निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उ0प्र0 कानपुर के पत्रांक संख्याः 14837–50/ई–2–दो–134 (पी0)(2022–23) कानपुर दिनांक 30.जून 2022 एवं पत्रांक 19437–578/ई–2–दो–134(पी0) कानपुर दिनांक 16.07.2022 में इस संस्था के श्री आजाद, प्रवक्ता, इन्फारमेशन टेक्नालॉजी वेतनमान रू0(15600–39100ग्रेड–पे रू0 5400) का स्थानान्तरण स्वंय के अनुरोध पर संस्था महामाया पालीटेक्निक,ऑफ इन्फारमेशन टेक्नालॉजी हाथरस में तैनात किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

उपरोक्त आदेश के फलस्वरूप आज दिनांक 19.07.2022 की अपरान्ह से श्री आजाद, प्रवक्ता, इफारमेशन टेक्नालॉजी को इस संस्था से नवीन तैनाती संस्था महामाया पालीटेक्निक,ऑफ इन्फारमेशन टेक्नालॉजी हाथरस को कार्यमुक्त किया जाता है।

Ravi

O/C (रवि कुमार)
प्रधानाचार्य Principal
Govt.Girls Polytechnic
Charkhari(Mahoba)

**कार्यालयः प्रधानाचार्य,राजकीय महिला पॉलीटेक्निक चरखारी,(महोबा)**

पृ0सं0 631–38 /स्था0पी0एफ0/ 2022–23/चरखारी दिनांकः– 19/07/22

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उ0प्र0 कानपुर को अवलोकनार्थ।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0,प्र0, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, झाँसी को अवलोकनार्थ।
3. प्रधानाचार्य,महामाया पालीटेक्निक,ऑफ इन्फारमेशन टेक्नालॉजी हाथरस को इस आशय से प्रेषित कि श्री आजाद प्रवक्ता इन्फारमेशन टेक्नालॉजी को कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात इस संस्था का चार्ज हस्तान्तरण करने हेतु अतिशीघ्र इस संस्था के लिये कार्यमुक्त करने का कष्ट करें।
4. आहरण वितरण अधिकारी/प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक महोबा।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी महोबा, हाथरस।
6. श्री आजाद, प्रवक्ता, इन्फारमेशन टेक्नालॉजी को इस निर्देश के साथ कि वह अपनी नवीन तैनाती संस्था महामाया पालीटेक्निक,ऑफ इन्फारमेशन टेक्नालॉजी हाथरस के प्रधानाचार्य के समक्ष उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करे, ।
7. स्थापना पटल संस्थागत।
8. लेखा पटल संस्थागत।

O/C Received
19/07/22

Ravi

O/C (रवि कुमार)
प्रधानाचार्य Principal
Govt.Girls Polytechnic
Charkhari(Mahoba)

Scanned with CamScanner